श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

अतिआवश्यक

क्रमांक:एफ-3/एलबीएस/शै०/2022-23/1356 **दिनांक:-11-02-2022**

कार्यालय सूचना

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय में पंजीकृत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिल्ली सरकार द्वारा आपदा प्रबन्धन एक्ट के अनुसार आदेश संख्या 60/01/DDMA./COVID-19/2021/Vol.II/518 दिनांक 04.02.2022 के अनुसार जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में वर्तमान में उत्पन्न अनुकूल परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए दिनांक 10.02.2022 को आयोजित पीठ प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार दिनांक 28.02.2022 से विश्वविद्यालय परिसर प्रत्यक्ष रूप से छात्र/छात्राओं के लिए खोला जा रहा है।

सभी पीठप्रमुखों, विभागाध्यक्षों व आचार्यों द्वारा अपने-अपने विभाग में पंजीकृत छात्र-छात्राओं का अध्ययन-अध्यापन सभी विभागों द्वारा प्रत्यक्ष माध्यम (ऑफलाइन माध्यम) द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

सभी छात्रों द्वारा विश्वविद्यालिय परिसर में प्रवेश के समय शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु समस्त छात्रों को मास्क लगाना, सामाजिक दूरी तथा समय-समय पर हाथों को धोना आदि दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

इस सम्बन्ध में समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि उन्हें अपने-अपने विभाग में प्रत्यक्ष रूप से अध्ययन-अध्यापन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य होगा। छात्रों को यह भी सूचित किया जाता है कि जिन छात्रों द्वारा कोविड-19 टीकाकरण करवा लिया हो तथा जिन्होनें अभी टीकाकरण नहीं करवाया है वह एक निश्चित अवधि में टीकाकरण करवाकर सम्बन्धित प्रमाण-पत्र सम्बन्धि विभागाध्यक्ष को यथाशीघ्र प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

विस्तृत जानकारी हेतु छात्र अपने-अपने विभागाध्यक्ष तथा शैक्षणिक विभाग से सम्पर्क कर सकते है।

उपरोक्त सूचना समक्ष अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि निम्नलिखित सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुतः-

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने-अपने विभाग के अध्यापकों को सूचना देने का कष्ट करें।
2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे इस सूचना को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने तथा पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष को प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. विशेषकार्याधिकारी परीक्षा/उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
5. छात्रावास अधिष्ठाता
6. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
7. विशेषकार्याधिकारी कुलपति कार्यालय
8. सहायक अभियन्ता को इस आशय से प्रेषित कि वह कक्षाओं की साफ-सफाई तथा अन्य कार्य हेतु सम्बन्धित कर्मचारियों को उचित निर्देश देने का कष्ट करे
9. सहायक कुलसचिव (प्रशा.III) को इस आशय से प्रेषित कि वह माक्स एवं सेनेटाइजर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
10. सुरक्षा सुपरवाइजर गेट न0 1एवं 2
11. सदस्य कोविड टास्क फोर्स
12. कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव
13. संबंधित छात्र
14. संबंधित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

for uploaded on website
Sh. Sachin
11/02/2022